देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 198 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
टकराव ने बदले हालात



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 14 नवंबर 2023



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 15.0°

66023.69

2 ट्रूडो का फिर भारत पर बड़ा हमला

7 सहवाग को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह

# उत्तरकाशी की सुरंग में फंसी 40 जिंदगियां

## टनल में फंसे मजदूरों से हुआ संपर्क, बोले– हम सुरक्षित है

**संवाददाता**

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए मलबा हटाने का कार्य जारी है। मलबा हटाने के लिए हैवी एक्सकैवेटर मशीनों को जुटाया गया है। वॉकी–टॉकी के एफ टनल में फंसे मजदूरों से संपर्क हुआ हैं।

मजदूरों ने बताया कि वह सुरक्षित हैं। फंसे हुए मजदूरों द्वारा खाने की मांग की गई थी। टनल में पानी की आपूर्ति के लिए बिछी पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है । इसी पाइपलाइन के जरिए रात में खाने के लिए कुछ पैकेट कंप्रेसर के जरिए दबाव बनाकर टनल में फंसे मजदूरों तक भेजे गए हैं। सुरंग के अंदर पाइपलाइन राहत और बचाव अभियान में काफी मददगार साबित हो रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए मजदूरों से कम्युनिकेशन स्थापित करने का काम भी लिया जा रहा है। पहले टनल में फंसे मजदूर तक संदेश भेजने के लिए कागज पर लिखे संदेश की पर्ची पाइप लाइन के जरिए भेजी गई थी। बाद में खाने के लिए चने के पैकेट भी इसी पाइपलाइन के जरिए भेजे गए।

राहत और बचाव अभियान में समन्वय के लिए 24 घंटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बीती रात से शिफ्ट में समन्वय देख रहे जल संस्थान के प्रभारी ईई दिवाकर डंगवाल ने तड़के टनल से बाहर आने पर बताया की मलबा हटाने का कार्य तेजी से जारी है। रात में फंसे मजदूरों तक संपर्क स्थापित करने और उन तक भोजन और ऑक्सीजन की आपूर्ति करने की कवायद अनेक बार की गई है। सुरंग में मलबा हटाने का कार्य लगातार जारी है।

सर्किल ऑफिसर प्रशांत कुमार ने कहा कि मलबा लगभग 60 मीटर तक है। जैसे हम मलबा हटा रहे हैं, ऊपर से मलबा गिर रहा है। हमने लगभग 15–20 मीटर तक मलबा हटा लिया है। सभी लोग सुरक्षित हैं। आपको बता दें कि चारधाम सड़क परियोजना के तहत यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा से पोलगांव के बीच राज्य की सबसे लंबी (4.5 किमी) सुरंग बनाई जा रही है। जिसमें अब करीब 500 मीटर हिस्सा ही सुरंग के आर–पार होने के लिए बचा है। दिन–रात दो शिफ्ट में मजदूर इस सुरंग का निर्माण कार्य कर रहे हैं।



### डीएम ने रद्द की सभी अधिकारियों की छुट्टी

यमुनोत्री हाईवे के निकट निर्माणाधीन सुरंग में हादसे के बाद डीएम अभिषेक रूहेला ने जनपद के सभी अधिकारियों की छुट्टी रद्द कर दी है। सभी अधिकारियों से तत्काल अपने–अपने कार्यस्थल पर लौटने और राहत एवं बचाव कार्यों के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। सुरंग में रात–दिन दो शिफ्ट में काम चल रहा था। जिसमें दिन की शिफ्ट सुबह 8 से रात 8 बजे तक और फिर रात की शिफ्ट रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक चलती थी। शिफ्ट में चार कंपनी के अलग–अलग मजदूर कार्य करते थे। इनमें नवयुग, श्री साई कंस्ट्रक्शन, नव दुर्गा व पीबी चंडा कंपनी शामिल है।

### क्या हुआ था

बीते शनिवार रात आठ बजे शिफ्ट शुरू हुई थी। जिसमें 40 से 50 मजदूर काम पर गए थे। यह शिफ्ट रविवार को बड़ी दीपावली के दिन सुबह 8 बजे खत्म होने वाली थी। जिसके बाद सभी मजदूर दीपावली की छुट्टी मनाने के लिए उत्साहित थे। लेकिन इससे पहले ही सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने से 230 मीटर अंदर सुरंग टूट गई। पहले धीरे–धीरे मलबा गिरा। जिसे सभी ने हल्के में लिया। फिर अचानक भारी मात्रा में मलबा आया और सुरंग बंद हो गई। इस दौरान 3–4 मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन अन्य सुरंग के अंदर ही फंस गई। जिनकी संख्या 35 से 40 के करीब बताई जा रही है। सुरंग के निर्माणकार्य में लगे झारखंड निवासी मजदूर हेमंत नायक ने बताया कि 12 घंटे की शिफ्ट में करीब 65 से 70 मजदूर काम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महुआ मोइत्रा को मौन समर्थन दे रहीं ममता बनर्जी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कैश के बदले संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरीं महुआ मोइत्रा को ममता बनर्जी ने नई जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने उन्हें कृष्णानगर जिले का अध्यक्ष बनाया है। यह जिला उनकी ही लोकसभा सीट के अंतर्गत है। इस तरह वह अपने संसदीय क्षेत्र में और मजबूत हुई हैं। कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से कैश और गिफ्ट लेकर संसद में गौतम अडानी से जुड़े सवाल पूछने के उन पर आरोप लगे हैं।

### विवादित बयान देकर फिर घिरे स्वामी प्रसाद मौर्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी भी नस्ल और जाति में दो हाथ वाले बच्चे पैदा होते हैं तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो गई। अगर आपको पूजा करनी ही है तो अपनी पत्नी की करें जो कि पूरी निष्ठा से पूरे परिवार की देखभाल करती है।

# कांग्रेस आई, तबाही लाईः पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने बड़वानी में राहुल गांधी पर कसा तंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बड़वानी। देश के प्रधानमंत्री और बीजेपी के स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सोमवार को बड़वानी जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, वह मध्य प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

भाजपा का संकल्प पत्र मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। मोदी ने कहा, ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। आप लिखकर रख लीजिए, आपसे किए हुए सारे वादे पूरे होंगे और ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने आगे कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं को और सशक्त बनाने वाला है। मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज भी कसा। मोदी ने कहा कि कुर्सी पाने के लिए कांग्रेस मध्य प्रदेश के लोगों से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है। अब वे सोना कौन सा लाएंगे? आलू वाला? कोई भरोसा नहीं वे कहेंगे कि सोने का महल देंगे और बाद में कहेंगे आलू से सोना निकालूंगा तब बनाऊंगा।

### विपक्ष पर वार

पीएम ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जुबानी हमला भी किया। मोदी ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस है। ये भाजपा सरकार का गौरव है कि इस पुण्य दिन को हमें जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने का अवसर मिला है। चुनाव के आखिरी दिन हैं, लेकिन दो दिन के बाद मैं झारखंड, भगवान बिरसा मुंडा के गांव में अपना मत्थ टेकने जा रहा हूं। ये हमारी प्राथमिकताएं हैं।

भाजपा भारत को विकसित बनाने के संकल्प के साथ निकली है। एमपी के गांव–गांव से स्वर निकल रहा है कि फिर एक बार भाजपा सरकार। आज कल एमपी में एक और नारा गूंज रहा है, यह नारा लोगों के दिल से निकला है और यह नारा है कांग्रेस आई तबाही लाई। आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, जिस आदिवासी समाज की कांग्रेस ने कभी परवाह नहीं की।

# वाहनों पर रोक, स्कूल बंद, अब हाथ सेंकना भी बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में बारिश की वजह से घटा पलूशन दिवाली के बाद एक बार फिर बढ़ गया है। इस वजह से दिल्लीवासियों को अगले आदेश तक ग्रैप–4 की पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को सचिवालय में समीक्षा बैठक के बाद बताया कि दिल्ली में पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। इसके अलावा एंडी डस्ट कैंपेन को 15 दिन के लिए बढ़ाने और हाथ सेंकने के लिए लकड़ी जलाने पर भी रोक लगाई गई है।

गोपाल राय ने कहा कि सीएक्यूएम की अगली बैठक तक दिल्ली में ग्रैप के स्टेज–4 की पाबंदियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा, बीएस–3 पेट्रोल और बीएस–4 डीजल की गाड़ियों पर पाबंदी रहेगी। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य पर पाबंदी रहेगी। सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को प्रतिबंध से छूट दी गई है।

गोपाल राय ने कहा, शदिल्ली में सभी तरह के कंस्ट्रक्शन पर भी प्रतिबंध जारी रखने का फैसला लिया गया है। 18 तक स्कूल बंद रखने का फैसला भी जारी रहेगी। 13 हॉट स्पॉट पर मॉनिटरिंग को सख्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एंटी ओपन बर्निंग (हाथ सेंकने के लिए लकड़ी जलाने पर) एक महीने के लिए रोक रहेगी। इसके लिए 611 टीमों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### फैसला

■धुआं–धुआं दिल्ली में पाबंदियों पर बड़ा फैसला

### यूपी और हरियाणा जिम्मेदार

दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 215–20 तक पहुंच गया था। लेकिन रात में जिस तरह टारगेटेड तरीके से दिल्ली, यूपी और हरियाणा में पटाखे जलाने की घटनाएं हुईं उससे प्रदूषण का स्तर भी बढ़ते–बढ़ते 315–20 तक पहुंच गया। उन्होंने आतिशबाजी के लिए यूपी और हरियाणा की सरकार को भी जिम्मेदार बताया।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# मणिपुर में जातीय हिंसा के बीच केंद्र का बड़ा ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### पीपुल्स लिबरेशन आर्मी समेत कई मेइती संगठनों पर बैन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को कई मेइती उग्रवादी संगठनों पर उनकी हिंसक गतिविधियों के चलते बैन लगा दिया। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, इन मेइती उग्रवादी संगठनों पर उनकी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को लेकर अंकुश लगाया गया है। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत इन्हें गैरकानूनी संघ घोषित कर दिया गया। सरकार का मानना है कि ये संगठन मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिकों पर हमलों व हत्याओं में शामिल हैं। साथ ही ये देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा हैं। ये प्रतिबंध सोमवार से अगले 5 साल तक लागू रहेंगे।

होम मिनिस्ट्री के मुताबिक, इन संगठनों का घोषित टारगेट सशस्त्र संघर्ष से मणिपुर को भारत से अलग करके स्वतंत्र राष्ट्र बनाना रहा है। इसे लेकर ये राज्य के स्थानीय लोगों को अलगाववाद के लिए उकसाते रहे हैं। वे अपना मकसद हासिल करने के लिए सशस्त्र साधनों को जुटाते हैं।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में अब जैश सरगना मसूद अजहर के करीबी पर निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान में एक बार फिर एक आतंकी की हत्या हुई है। इस बार अज्ञात हमलावरों ने जैश–ए–मोहम्मद के आतंकी मौलाना तारिक रहीम उल्लाह तारिक को ढेर किया है। बताया जा रहा है कि उसकी हत्या उस समय हुई जब वह भारत विरोधी एक रैली में हिस्सा लेने के लिए जा रहा था। तारिक को कराची में कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। तारिक पाकिस्तान का एक मशहूर मौलाना था जिसे सुनने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती थी। मौलाना पर अचानक गोलियां चलीं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौलाना जिस सभा में शामिल होने के लिए जा रहा था, वह कराची के ओरंगी टाउन में आयोजित हो रही थी। पुलिस के मुताबिक यह मामला टारगेट किलिंग का मालूम पड़ता है। मौलाना की हत्या पर पाकिस्तान का मीडिया खामोश है। एक के बाद एक पाकिस्तान में आतंकियों की हत्या हो रही है। हाल ही में लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी अकरम खान उर्फ अकरम गाजी को खैबर पख्तूनख्वां के बजौर में ढेर किया गया था। अकरम की हत्या को आईएसआई के साथ ही लश्कर के सरगना हाफिज सईद के लिए भी बड़ा झटका बताया जा रहा है। गाजी लश्कर के लिए भारत के खिलाफ सबसे महत्वपूर्ण आतंकी था। अकरम गाजी, भारत के खिलाफ घाटी के युवाओं को काफी प्रभावी तरीके से भड़का सकता था।

### पढ़ाई के लिए आज भी भारतीय छात्रों की पहली पसंद है अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन डीसी। संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। इस बात का दावा ओपन डोर्स रिपोर्ट का हवाला देते हुए अमेरिकी दूतावास की विज्ञप्ति में किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के मुताबिक, शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका जाने वाले विदेशी छात्रों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़कर 268,923 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के मुताबिक, शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका जाने वाले विदेशी छात्रों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़कर 268,923 छात्रों के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। अमेरिकी विदेश विभाग ओपन डोर्स रिपोर्ट को फंड करता है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी छात्रों और विद्वानों और क्रेडिट–असर पाठ्यक्रमों में विदेश में पढ़ रहे अमेरिकी छात्रों के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (प्प्) द्वारा तैयार किया गया एक निश्चित वार्षिक सर्वेक्षण है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्र आबादी की वृद्धि दर के बारे में जानकारी देने के अलावा, रिपोर्ट मूल स्थान, वित्तीय सहायता के स्रोत, अध्ययन के क्षेत्र, मेजबान संस्थान और शैक्षणिक स्तर पर डेटा भी जारी करती है।

### जंग के बीच गाजा के अल–शिफा अस्पताल से भागे हजारों लोग


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा पट्टी। इजरायल–हमास हमले के बीच गाजा के सबसे बड़े अल–शिफा अस्पताल से हजारों लोग भाग गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि बिजली की कमी के कारण मरने के जोखिम वाले दर्जनों शिशुओं सहित सैकड़ों मरीज अंदर ही फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने अपने जनरेटरों को बिजली देने में मदद के लिए अस्पताल के पास 300 लीटर (79 गैलन) ईंधन रखा था, लेकिन हमास के आतंकवादियों ने कर्मचारियों को वहां तक पहुंचने से रोक दिया। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसका खंडन किया और कहा कि ईंधन की इतनी मात्रा से महज एक घंटे से भी कम बिजली मिलेगी। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए अचानक हमले पर इजरायल जवाबी कार्रवाई कर रहा है, जिसके तहत अब तक गाजा के 23 लाख फलिस्तीनी निवासियों में से दो–तिहाई को अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा है। इजरायल ने कहा कि अस्पताल हमास द्वारा मानव ढाल के कथित उपयोग का प्रमुख उदाहरण है। इजरायल ने बिना किसी सबूत के दावा किया है कि आतंकवादियों के पास चिकित्सा परिसर के अंदर और नीचे एक कमांड सेंटर और अन्य सैन्य बुनियादी ढांचे हैं।

# गाजा पर इजरायल के हमलों को लेकर बंट गए अरब देश

रिपोर्ट

## इस्लामिक शिखर सम्मेलन में इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव में बाधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



रियाद। सऊदी अरब की तरफ से एक इस्लामिक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। अब जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक कुछ अरब देश इजरायल की तरफ से गाजा पर हुए हमले को दी गई प्रतिक्रिया पर बंटे हुए हैं। द न्यू अरब की अरबी भाषा की वेबसाइट अल–अरबी अल–जदीद की एक रिपोर्ट के अनुसार, अरब लीग के देशों में कई महत्वपूर्ण विचारों पर मतभेद थे। ये विचार गाजा पर इजरायल के हमले से जुड़े थे जिन्हें संयुक्त जवाब में अपनाया नहीं जा सका। इस असहमति के चलते इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और अरब लीग के शिखर सम्मेलन का विलय हो गया।

सऊदी विदेश मंत्रालय की तरफ से देर रात घोषणा की गई थी कि दो आपातकालीन बैठकें रियाद में एक संयुक्त शिखर सम्मेलन के रूप में आयोजित की जाएंगी। सऊदी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, गाजा में असाधारण परिस्थितियां हैं इनके जवाब में और अरब लीग के अलावा इस्लामिक सहयोग संगठन के परामर्श के बाद, रियाद में एक असाधारण संयुक्त अरब–इस्लामिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बताया जा रहा है कि जिन मुद्दों पर मतभेद थे उनमें इजरायल को हथियारों और गोला–बारूद की सप्लाई के लिए अरब देशों में अमेरिका और बाकी सैन्य अड्डों के उपयोग पर रोक लगाना शामिल है। साथ ही इजरायल के साथ अरब राजनयिक, आर्थिक, सुरक्षा और सैन्य संबंधों पर रोक लगाना और दबाव बनाना भी शामिल था। साथ ही जारी आक्रामकता को रोकने के लिए तेल और अरब आर्थिक क्षमताओं का लाभ उठाने की धमकी भी दी गई है।

लीबिया की तरफ से प्रस्ताव दिया गया कि सम्मेलन के आखिर बयान में फिलिस्तीनियों को इजरायली कब्जे का विरोध करने वाले संयुक्त बयान में शामिल होना चाहिए। इन कदमों का फिलिस्तीन, सीरिया, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, इराक, लेबनान, कुवैत, कतर, ओमान, लीबिया और यमन सहित 22 सदस्यीय निकाय के 11 अरब देशों ने या तो प्रस्ताव दिया या फिर उनका समर्थन किया। जिन चार देशों ने विरोध में मतदान किया और जो अनुपस्थित रहे, उनका खुलासा नहीं किया गया।

सऊदी राजधानी में अरब लीग और ओआईसी की इमरजेंसी मीटिंग गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई और जमीनी हमले के बाद हुई। इन हमलों में गाजा में 11000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। इनमें से 4000 से ज्यादा बच्चे और 3000 से ज्यादा महिलाएं हैं। दोनों शिखर सम्मेलन अलग–अलग आयोजित करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन गुरुवार को आयोजित अरब लीग के सदस्यों के बीच इजरायल की तरफ से जारी युद्ध का जवाब देने के तरीकों पर मतभेद हो गया था। अल–अरबी अल–जदीद रिपोर्ट में कहा गया है कि अरब लीग में चार श्प्रभावशाली देशोंश ने उन प्रस्तावों को अपनाने से रोक दिया था जो इजरायल के खिलाफ ठोस उपाय करते थे।

# जस्टिन ट्रूडो का फिर भारत पर बड़ा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर से दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई कड़वाहट के लिए भारत को जिम्मेदार कहा है। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा ने कभी भी कानूनों के परे या मनगढ़ंत आरोप नहीं लगाया है और आज भी भारत के साथ रचनात्मक रूप से काम कर रहा है। ट्रूडो ने भारत सरकार पर सीधे–सीधे कानूनों को तोड़कर काम करने का इल्जाम लगाया है। साथ ही ये भी कहा कि उनकी सरकार भारत के साथ कोई लड़ाई या रिश्तों में कड़वाहट नहीं चाहता बल्कि मिलकर काम करना चाहता है। 41 से कनाडाई राजनयिक को दी गई छूट भारत ने वापस ले ली थी, जिसके बाद हाल ही में इनको वापस अपने देश लौटना पड़ा। इसके लिए जस्टिन ट्रूडो ने फिर से भारत पर वियना कन्वेंशन के उल्लंघन का आरोप दोहराया है। ट्रूडो ने कहा कि भारत ने वियना कन्वेंशन का उल्लंघन किया और 41 कनाडाई राजनयिकों की राजनयिक छूट को मनमाने ढंग से रद्द कर दिया तो हम बहुत निराश हुए। इसके बारे में हमारे दृष्टिकोण से सोचें। अगर कोई देश यह निर्णय ले सकता है कि दूसरे देश के राजनयिक अब सुरक्षित नहीं हैं, तो यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों को और अधिक खतरनाक और अधिक गंभीर बनाता है।



## चीन–पाकिस्तान की नेवी ने अरब सागर में संयुक्त अभ्यास किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। चीन और पाकिस्तान की नजदीकियां किसी से छुपी नहीं हैं। दोनों देशों की सेनाएं अक्सर संयुक्त अभ्यास करती रहती हैं। इस बीच मीडिया रिपोर्ट में सामने आया है कि चीनी और पाकिस्तानी नौसेनाएं अरब सागर में हफ्ते भर के लिए अभ्यास कर रही हैं। यह पहली बार है कि भारत के दोनों प्रतिद्वंदी देश संयुक्त रूप से समुद्री में गश्त करेंगे। कराची में एक नेवी बेस पर चीनी और पाकिस्तानी नौसेनाओं ने उत्तरी अरब सागर के जल और हवाई क्षेत्र में श्सी गार्जियंस –3 अभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास में पनडुब्बी रोधी ऑपरेशन भी शामिल हैं। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता, कर्नल वू कियान ने कहा, अभ्यास के दौरान, चीन और पाकिस्तान पहली बार संयुक्त समुद्री रूप से गश्त करेंगे।

# अमेरिका ने खतरनाक परमाणु बम से लैस किए नीदरलैंड्स के लड़ाकू विमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रूस–बेलारूस के खिलाफ होगी तैनाती!

मॉस्को। कुछ महीने पहले रूस ने अपने सहयोगी बेलारूस को सामरिक परमाणु हथियार मुहैया कराए थे। लेकिन अब जो जानकारी आ रही है उसके मुताबिक अमेरिका, रूस का मुकाबला करने के लिए न्यूक्लियर कैरियर के तौर पर अपनी भूमिका मजबूत करने के लिए नीदरलैंड्स के थ–35। की मदद कर रहा है। रूस के फैसले को यूरोप पर बढ़ता हुआ परमाणु खतरा बताया गया था। नीदरलैंड ने इसके बीच ही ऐलान किया है कि उसके पास अब सर्टिफिकेट है कि वह दुश्मन को जवाब देने के लिए तैयार है।

नीदरलैंड्स के बयान से संकेत मिलता है कि नाटो के बेड़े का कुछ अहम हिस्से के तौर पर शामिल F–35। स्टील्थ लड़ाकू विमान अब पूरी तरह परमाणु क्षमता से लैस होने के करीब हैं। यूएस एयरफोर्स की तरफ से कुछ समय पहले घोषणा की गई थी कि उसके B61–12 परमाणु बम ले जाने की क्षमता के साथ ही F–35। को जनवरी 2024 तक ड्यूल केपेबल एयरक्राफ्ट के रूप में सर्टिफाइड किया जा सकता है। हालांकि अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि क्या किसी और देश या उसके एफ–35एएस को बी61–12 को तैनात करने के लिए मंजूरी मिली है या नहीं।

डच एयर कॉम्बैट कमांड कमांडर जोहान वैन डेवेंटर ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट किया, एसीसी, रेडी फॉर ऑपरेशंस अमेरिकी टीम का नतीजा था। यह हमें एफ–35 के साथ डेटेरेंस मिशन के लिए हमारा इनीशिएल सर्टिफिकेशन मुहैया करता है। अभी नीदरलैंड्स के पास परमाणु हथियार नहीं हैं। लेकिन यह नाटो का सदस्य है और इस वजह से ही यह श्परमाणु साझाकरणश सिद्धांत के साथ परमाणु हथियार वाले सदस्यों को नाटो की परमाणु तैनाती में भाग लेने में सक्षम है। अब तक, बेल्जियम, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड के पास अमेरिका की तरफ से दिए गए बाकी बी61 हथियारों तक उसकी पहुंच है।

### टैक्स चोरी के आरोप में नपे जापान के उप वित्त मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान के उप वित्त मंत्री केंजी कांडा ने इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा एक मैग्जीन की रिपोर्ट आने के बाद हुआ है। दरअसल, मैग्जीन की रिपोर्ट में सामने आया है कि कांडा की कंपनी ने टैक्स का भुगतान नहीं किया है। यह रिपोर्ट आने के बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को झटका लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी को सौंपे गए कांडा के इस्तीफे को सरकार ने मंजूरी दे दी है। केंजी कांडा ने स्वीकार किया है कि अधिकारियों ने अचल संपत्ति टैक्स का पेमेंट नहीं करने के लिए 2013 से 2022 तक चार मौकों पर उनकी कंपनी की जमीन और संपत्ति को जब्त कर लिया था। जापान के वित्त मंत्रालय में कांडा की भूमिका को लेकर विपक्षी दलों ने उनकी कड़ी आलोचना की है। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, केंजी कांडा ने यह भी स्वीकार किया है कि उन्होंने टैक्स अकाउंटेंट्स के लिए अनिवार्य तौर पर वार्षिक व्याख्यान में भी हिस्सा नहीं लिया।

## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# सोमवती आमवस्या स्नान पर लगी आस्था की डुबकी

आस्था

## हरिद्वार हरकी पैड़ी गंगा घाटों में मिला पर्याप्त गंगाजल

**संवाददाता**

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या पर धर्मनगरी में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। हरकी पैड़ी सहित अन्य गंगा घाटों पर हर हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वहीं व्यवस्था बनाने में पुलिसबल मुस्तैदी से तैनात है। जारी किया गया ट्रैफिक प्लान को लागू करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हर हर गंगे, जय मां गंगे, का जयघोष और हरकी पैड़ी की तरफ बढ़ते श्रद्धालुओं के कदम, मन में बस एक ही आशा की हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा स्नान कर पुण्य कमाना है। यह नजारा सोमवती अमावस्या पर सोमवार भोर से शुरू हुए गंगा स्नान पर धर्मनगरी में देखने को मिला।

उत्तरी हरिद्वार के सप्तऋषि, भूपतवाला, खड़खड़ी और मध्य हरिद्वार के लालतारो पुल, पोस्ट ऑफिस और अपर रोड पर अन्य दिनों की अपेक्षा अच्छी खासी भीड़



नजर आई। भीमगोड़ा बैरियर से हरकी पैड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं को पैदल ही जाने दिया गया है। ई रिक्शा, ऑटो, विक्रम को बैरियर से अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। जबकि स्थानीय लोगों को दुपहिया वाहनों से जाने दिया गया। वाहनों की भीड़ के कारण दीन दयाल उपाध्याय पार्किंग फुल दिखाई दी।

वहीं तीर्थनगरी में सोमवती अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालु उमड़े। देव डोलियों ने भी गंगा घाटों में पहुंचकर स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों पर सोमवार सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे। त्रिवेणीघाट, नाव घाट, साईं घाट, दयानंद घाट, शत्रुघनघाट, सीता घाट, रामझूला घाट आदि जगहों पर श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे। सुबह से दोपहर तक स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। सोमवती अमावस्या पर भद्रकाली सहित कई देव डोलियों ने ऋषिकेश के गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। भक्तों ने देव डोलियों से आशीर्वाद लिया। डोलियों को स्नान कराने के बाद गंगा तट पर मंडाण और देव स्तुति गाई गई।

**20 दिनों तक हरकी पैड़ी क्यों रही जल-विहिन?:** हर वर्ष यूपी सिचाई विभाग गंगनहर को दशहरे के दिन बंद करता हैं। वार्षिक बंदी के दौरान यूपी सिंचाई विभाग ने गंगनहर में साफ-सफाई और मरम्मत के कार्य किए। बंदी के दौरान नहर में रंग रोगन, पुलों की मरम्मत, सिल्ट की सफाई, सिंचाई के लिए बने नालों की मरम्मत आदि कार्य किए जाते हैं।

## न्यूज डायरी

### गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग हादसा, घोड़ा संचालक की मौत

**संवाददाता** देहरादून। बीते रविवार को गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर भैरव गदेरा में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक घोड़ा संचालक की मौत हो गई है। चमोली जनपद निवासी 22 वर्षीय मनीष, केदारनाथ से यात्री को छोड़कर घोड़े के साथ लौट रहा था। भैरव गदेरे के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को परिजनों को सौंपा दिया गया।

### टेंट गोदाम में लगी आग, तीन मजदूरों की मौत

**संवाददाता** हल्द्वानी। दिवाली की रात शहर में नवाबी रोड स्थित कुमाऊं टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। दिवाली मनाने के बाद गोदाम के अंदर सो रहे तीन मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि शोर सुनकर तीन मजदूरों ने भागकर जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग की गाड़ियों ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मृतक मजदूरों के शव निकालकर पोस्टमार्टम को भेजे हैं। गोदाम में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि कुछ लोग दिवाली की आतिशबाजी से आग लगना बता रहे हैं। कलावती चौराहा निवासी गिरीश हेडिया का कुमाऊं टेंट हाउस है। नवाबी रोड स्थित आंनदपुरी फेस वन वार्ड नंबर-11 उनके टेंट हाउस का गोदाम है। उधर, सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों को आग बुझाने में जुट गईं। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग को आग बुझाने में करीब सात घंटे लग गए।

### आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैश्विक स्तर तक ले जाना है

**संवाददाता** हरिद्वार। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि भारतीय आयुर्वेद दिवस का मुख्य उद्देश्य, जन-जन को आयुर्वेद के महत्व से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को हमें वैश्विक स्तर तक ले जाना है। यह बात उन्होंने अपने संदेश में कही। भारतीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में बीएचईएल हरिद्वार में समारोह का आयोजन किया गया। बीएचईएल चिकित्सा विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सालय में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ, महाप्रबंधक (एमडीएक्स) डॉ. शारदा स्वरूप ने दीप प्रज्वलन से किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. शारदा स्वरूप ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है कि हम आयुर्वेद में बताए गए सिद्धांतों का पालन करें और पौष्टिक आहार एवं योगाभ्यास को अपनाएं।

## पूर्व सीएम निशंक और भट्ट ने किए बदरी-केदार के दर्शन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने सोमवार को पारिवारिक सदस्यों के साथ भगवान केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया।

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट सोमवार प्रातः पहले केदारनाथ धाम पहुंचे मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। यहां मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया तथा बीकेटीसी ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इसके बाद वे बदरीनाथ के लिए रवाना हुए

भाजपा कार्यकर्ता ने किया स्वागत

और वहां पूजा-अर्चना की। इसी समय पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने भी बदरीनाथ के बाद केदारनाथ के दर्शन किए। दोपहर बाद निशंक केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। मंदिर में दर्शन के बाद कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनका स्वागत किया तथा भगवान का प्रसाद भेंट किया।

इस मौके पर केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पुजारी शिवलिंग, धर्माचार्य ओंकार शुक्ला, प्रदीप सेमवाल, कुलदीप धर्मवाण, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद थे।



### पुरानी पेंशन के लिए भी जलाया एक दिया

**संवाददाता** रामनगर। कर्मचारी शिक्षकों ने दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने के साथ साथ पुरानी पेंशन आंदोलन के पक्ष में भी अभियान चलाया। इस क्रम में कार्मिकों द्वारा एक दिया पुरानी पेंशन के लिए भी जलाया गया।पंचवटी कालोनी,भवानीगंज में कर्मचारी शिक्षकों ने अपने अपने घरों में एक दिया जलाने के साथ साथ सामूहिकता के साथ दिया जलाते हुए मोहल्ले में पुरानी पेंशन के फायदे से लोगों को अवगत कराया।कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवेंदु मठपाल ने कहा पुरानी पेंशन बुढ़ापे की सामाजिक,आर्थिक सुरक्षा है।उन्होंने कहा वर्ष 2004 में बाजपेयी सरकार के समय प्रारंभ की गई नई पेंशन स्कीम किसी भी कर्मचारी शिक्षक के हित में नही है। सरकार ने जिस प्रकार कर्मिकों की जीपीएफ का हजारों करोड़ रुपया शेयर मार्केट में लगा दिया है। इससे स्थिति और भी बदतर हो गयी है।

# कोसी नदी में गिरा वाहन एक की मौत, पांच घायल

**संवाददाता** गरमपानी। भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के जोरासी के पास सोमवार सुबह हल्द्वानी से डीडीहाट जा रही एक ईकोमेट कार में चालक को नींद की झपकी आने के चलते अचानक कोसी नदी में जा गिरी, जिसमे सवार 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सुबह का समय होने तथा सुनसान रास्ता होने के चलते लोगो को घटना की सूचना नही मिल पाई तथा वाहन में सवार एक घायल द्वारा कड़ी मस्कत के बाद सड़क में पहुँच कर एक बस को रोक कर घटना की जानकारी दी गयी। जिसके बाद बस चालक द्वारा इसकी सूचना खैरना चौकी को दी गई, जिसके बाद खैरना चौकी

चालक को नींद की झपकी आने के चलते हुआ हादसा

इंचार्ज दिलीप कुमार तथा प्रयाग जोशी द्वारा अपनी टीम तथा एस डी आर एफ के साथ मौके पर पहुँच गए तथा सभी घायलों का रेस्क्यू कर मुख्य मार्ग में लाया गया।

सभी घायलों को चालक हरीश कुमार पुत्र जोगाराम उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मानीपुर पोस्ट राईआगर थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, सूरज सिंह पुत्र पान सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कांडे किरोली थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, जितेंद्र डसीला पुत्र राम सिंह डसीला निवासी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सुकलाड़ी थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, संतोष कुमार मेहर पुत्र मेहर कुमार मेहर उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम धौला बलिया थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, हरीश कुमार पुत्र तारा राम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बेलकोट थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ तथा छतर सिंह खड़ायत पुत्र डिगर सिंह खड़ायत उम्र 31 निवासी ग्राम डीडीहाट थाना डीडीहाट जिला पिथौरागढ़ को निजी वाहन द्वारा समुदियाक स्वस्थ केंद्र गरमपानी पहुँचाया गया।

डॉ द्वारा छतर सिंह खड़ायत को मृत घोषित कर दिया गया। तथा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें चालक हरीश कुमार तथा सूरज सिंह को चोट गम्भीर जान कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसमें चालक हरीश कुमार की स्थिति नाजुक बनी हुवी है।

### घर के ताले तोड़कर नगदी-जेवर चोरी किए

**संवाददाता** हरिद्वार। घर के ताले तोड़कर चोरों ने चांदी के जेवरात और नकदी उड़ा ली गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुटी कनखल पुलिस ने जल्द घटना का खुलासा करने का दावा किया है। घटना क्षेत्र के राजागार्डन फेस दो की है।


कालोनीवासी वीर सिंह निवासी छुट्टी पर अपने पैतृक निवास ऊधमसिंह नगर गए थे। शिकायत के अनुसार उनके घर के ताले चटकाकर अंदर घुसे चोरों ने अलमारियों के लॉक तोड़कर 20 हजार की नगदी और करीब 10 हजार की कीमत के चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घर लौटने पर उन्हें घटना का पता चल सका। सूचना मिलने पर कनखल पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिसकर्मी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटे हैं। प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही पुलिस घटना का खुलासा कर देगी।

# हवा की क्वालिटी बना मुद्दा

**अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है।**

अनुज सनवाल।।

सर्दियों का मौसम अभी आने को है, लेकिन दिल्ली–एनसीआर में हवा की क्वालिटी मुद्दा बनने लगी है। यह क्वालिटी वेरी पुअर यानी बेहद खराब की श्रेणी में पाई गई। इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। इससे पहले 22 अक्टूबर को भी एयर क्वालिटी इंडेक्स 313 पर गया था, लेकिन तब बारिश और तेज हवाओं ने राहत दी थी, जिससे अगले ही दिन एक्यूआई घटकर 263 पर आ गया था। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी–कभार राहत भले मिल जाए, दिल्ली–एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वालों के लिए यह इस मौसम की स्थायी समस्या है। बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए तो हालत जानलेवा हो जाती है। यही वजह है कि सरकारें भी इस मौसम के आसपास इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं। इस बार भी पहले से ऐसी खबरें आने लगी हैं कि राज्य सरकार के पास पूरा एक्शन प्लान तैयार है कि एक्यूआई में कितनी बढ़ोतरी होने पर किस तरह के कदम उठाए जाएंगे। बताया गया कि दिल्ली में MCD की तरफ से अपडेटेड PUC सर्टिफिकेट के बगैर गाड़ियों को पार्किंग की इजाजत न देने का आदेश जारी हो सकता है।



दिल्ली–एनसीआर में जगह–जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है। अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर खास प्रगति के संकेत नहीं हैं।

बीते हफ्ते की ही बात की जाए तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गईं। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गई हैं जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाए जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा। लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने की है जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जाएं। पराली से खाद बनाकर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाए नहीं जा सके हैं।

## अच्छा ही होगा

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** बेटी जब भी हो सके तो तुम किसी जरूरतमंद की मदद कर देना। उस प्रेग्नेंट औरत को पता चला कि वो बूढी औरत शहर में सबसे अमीर है और अकेली रहती है. वो प्रेग्नेंट औरत 5000 रुपये की टिप पा कर बहुत खुश थी। शाम को वो प्रेग्नेंट औरत घर गयी, अपने पति को गले लगाते हुए बोली मनोज, अब हमें हॉस्पिटल के बिल की चिंता करने की जरूरत नहीं। एक भली औरत ने आज मुझे 5000 रुपये की टिप दी. अब हम डिलीवरी अच्छे से करवा सकते है। ये सुन कर मनोज बहुत खुश हुआ लेकिन उसे ये एहसास नहीं हुआ कि जिस बूढी औरत की उसने मदद की थी, उसी महिला ने मनोज की बीवी को टिप दी। कहानी का मोरलरू दुसरो का अच्छा करोगे तो आपका भी अच्छा ही होगा. हमेशा दुसरो की मदद करे, अच्छे कर्म करे, आपको इसका अच्छा फल ही मिलेगा !

## संपादकीय

### ग्लोबल करियर का दबाव

आप किसी भी करियर–कांशस नौजवान से बात करके देखें। उसकी सेटिंग अगर पहले से कहीं नहीं हो रखी है तो वह कनाडा जाने का ही जुगाड़ लगाता दिखेगा। वहां पढ़ाई करने या नौकरी मिलने का मतलब है, एक पांव अमेरिका में, या यूं कहें कि ग्लोबल करियर में रखा होना। ग्लोबलाइजेशन का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि पिछले पचीस वर्षों में ऐसे वीजा के लिए कतारें बहुत लंबी हो गई हैं। इसके चलते भारत से सारी नजदीकियों के बावजूद अमीर मुल्कों की बारगेनिंग पावर बहुत बढ़ गई है। भारत से कामकाज के लिए सबसे बड़ी तादाद में लोग खाड़ी क्षेत्र में, उसमें भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, ओमान, कुवैत और कतर जाते हैं। लेकिन आम तौर पर ये वहां बसने नहीं जाते। अक्सर बिना परिवार के रहते हैं और कठिन स्थितियों में मजदूरी करते हैं। एक करोड़ से थोड़े ही कम इन लोगों की कमाई भारत में विदेशी मुद्रा का बहुत बड़ा जरिया है। जाहिर है, अभी के विवाद में इस तबके का दबाव भारत सरकार पर रहेगा। लेकिन कनाडा के तीन–चार राज्यों में अच्छी–खासी सिख आबादी के धार्मिक मिजाज का फायदा उठाकर वहां से जारी खालिस्तानी राजनीति और जस्टिन ट्रूडो सरकार के बीच बने गठबंधन को अगर सख्त जवाब नहीं दिया गया तो अन्य देश भी इस तरह की स्थितियों का इस्तेमाल भारत पर दबाव बनाने में करने लगेंगे।

मंदी का झटका कम होने के साथ ही कनाडा और अ०स्ट्रेलिया की ओर शुरू हुई भागमभाग बाद में कनाडा की तरफ लगभग एकतरफा हो गई।

# टकराव ने बदले हालात

चंद्रभूषण।।

बीते एक दशक से कनाडा भारत में मध्यवर्गीय नई पीढ़ी की आखिरी उम्मीद बना हुआ है। पंजाब के खेतिहर नौजवानों के लिए तो यह धुर ठंडा मुल्क पहले से ही ऐसा था, लेकिन शेष भारत इसकी खोज अभी थोड़ा ही पहले कर पाया है। ज्यादा सटीक कहना हो तो अमेरिका में महामंदी शुरू होने से कुछ पहले वहां के स्किल्ड युवाओं में भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और चार्टर्ड एकाउंटेंटों के खिलाफ आक्रोश दिखने और 2008 के अमेरिकी आम चुनाव में 'माय जॉब इज बैंगलोर्ड' छपी हुई टी–शर्ट्स के पॉप्युलर हो जाने के बाद। मंदी का झटका कम होने के साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया की ओर शुरू हुई भागमभाग बाद में कनाडा की तरफ लगभग एकतरफा हो गई।

बीते एक महीने से भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक टकराव के बहुत बुरे मुकाम तक पहुंच जाने से इस रुझान पर फिलहाल अचानक ब्रेक लग गया है। हालत यह है कि देश भर में जो दसियों हजार लोग कनाडा के वीजा के लिए अर्जी लगाए बैठे हैं, उनमें किसी से भी बात करने पर कोई तेज रफ्तार मालगाड़ी पलट जाने जैसा विचित्र अनुभव हो रहा है। ऐसा क्यों हुआ, इस बारे में बहुत सारी बातें रोज कही–सुनी जा रही हैं। फिर भी इन्हें संक्षेप में यहां दोहरा देने में कोई हर्ज नहीं है।



18 जून 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक गुरद्वारे की पार्किंग में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गई थी। हत्या किसने की, इस बारे में कनाडा की पुलिस अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं जुटा पाई है। लेकिन 20 सितंबर 2023 को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद को बताया कि इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का हाथ है। इतना ही नहीं, कनाडा सरकार ने अपने यहां स्थित एक भारतीय राजनयिक को 'अवांछित व्यक्ति' (पर्सोना नॉन ग्राटा) घोषित कर दिया और कुछ ऐसा माहौल बनाया, जैसे भारत सरकार का काम ही हो, विदेशों में अपने एजेंट भेजकर हत्याएं कराना।

शुरू में ऐसा लग रहा था कि कनाडा सरकार की तरफ से इतना तो एहतियात बरता ही जाएगा कि कम से कम निज्जर हत्याकांड की जांच के अंतिम नतीजे आने तक स्थिति को बेकाबू न होने दिया जाए। लेकिन इस दिशा में बढ़ने के बजाय ट्रूडो सरकार मामले को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन की जांच एजेंसियों के गठबंधन 'फाइव आइज' में ले गई और वहां भी भारत का पक्ष सुने बगैर ट्रूडो के बयान पर मोहर लगा दी गई। ऐसे में भारत के पास नरमी दिखाने की कोई वजह नहीं बची। पहले इधर से भी कनाडा के एक राजनयिक को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया गया, फिर कह दिया गया कि भारत के जितने राजनयिक कनाडा में हैं, उतने ही कनाडाई राजनयिक भारत में रह सकते हैं। बाकी 20 अक्टूबर तक अपने देश लौट जाएं, वरना इसके बाद उन्हें मिले हुए सभी राजनयिक विशेषाधिकार और सुरक्षा वापस ले ली जाएगी।

जवाब में कुछ दिनों के टाल–मटोल के बाद 19 अक्टूबर को कनाडा ने अपने 41 राजनयिक वापस बुला लिए। उसके कुल 62 राजनयिक हाल तक भारत में थे, जबकि भारत के 21 राजनयिक कनाडा में मौजूद हैं।

### सूडोकू नवताल-5315

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

### अपना ब्लॉग

## राजनयिकों की संख्या बराबर

**मोहन।** अभी दोनों देशों में एक–दूसरे के राजनयिकों की संख्या बराबर हो गई है। यहां दुनिया के विकसित, अमीर मुल्कों और भारत जैसे विकासशील देशों के कूटनीतिक रिश्तों की एक पेचीदगी पर बात करना जरूरी है। कुछ मायनों में ये रिश्ते एकतरफा हैं। अमीर मुल्कों से भारत में लोग या तो पर्यटन के लिए आते हैं, या व्यापारिक–राजनयिक वीजा पर। लेकिन भारत से लोगों के इन देशों में जाने की कई वजहें हैं। ज्यादातर भारतीय वर्किंग वीजा पर काम–धंधे के लिए, या स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई के लिए जाते हैं। जिन देशों में जाकर काम करने या वहीं बस जाने का सपना एक आम भारतीय देखता है, उनमें खाड़ी के देशों में सिर्फ यूएई की गिनती होती है। बाकी नाम अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जर्मनी, नॉर्वे, फिनलैंड और सिंगापुर के हैं, लेकिन इस सूची में सबसे ऊंची जगह कनाडा की है।





## अभिषेक को मनीषा रानी ने दिवाली से पहले दिया ऐसा बेशकीमती तोहफ

बिग बॉस ओटीटी 2 के रनर अप अभिषेक मल्हन सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहते हैं। यूट्यूब पर व्लॉगिंग करते हैं और डेली लाइफ से जुड़ी तमाम अपडेट्स फैन्स को देते हैं। अब उन्होंने हालिया व्लॉग में बताया कि उनकी अजीज दोस्त मनीषा रानी ने उनको बेशकीमती तोहफा दिया है। यूट्यूबर ने कहा कि वो इस गिफ्ट की अनबॉक्सिंग एक्ट्रेस के साथ करना चाहते थे लेकिन वह अभी काम के सिलसिले में व्यस्त हैं। इसलिए वह खुद ही इसका श्रीगणेश कर रहे हैं। अभिषेक मल्हन ने बताया कि उन्हें मनीषा रानी ने दिवाली के मौके पर एक सोने की गले में पहनने वाली चेन गिफ्ट की है। फुकरा इंसान ने बताया कि एल्विश, मनीषा और वह तीनों ही मिलने वाले थे। लेकिन उनकी मीटिंग थी और एल्विश–मनीषा को बिग बॉस 17 में जाना था, इसलिए मुलाकात नहीं हो सकी। बहुत सारी दिक्कतें हैं लेकिन वो अब चाहते हैं कि जल्द ही लोगों की डिमांड पर उन दोनों का गाना साथ आए। फुकरा इंसान ने मनीषा रानी का गिफ्ट खोला तो उसमें सोने की चेन थी और उसमें किंग का एक लॉकेट था। उनकी मां डिंपल ने कहा कि उन्हें इतने महंगे गिफ्ट्स नहीं लेने चाहिए। तो अभिषेक ने बताया कि उन्होंने मना किया था। लेकिन वो पीछे पड़ गई कि तूने दिया है तो मैं भी दूंगी। और पहली बार कुछ दिया है तो चुपचाप ले ले। अभिषेक ने कहा कि मनीषा उन्हें ये पहला गिफ्ट दे रही थीं इसलिए वो मना नहीं कर सके।

## अथर्व नाहर की बैंड बज गया दूल्हा फंस गया का ट्रेलर लॉन्च

ससुरा बड़ा पैसा वाला 2 फेम फिल्म अभिनेता अथर्व नाहर की दूसरी फिल्म बैंड बज गया दूल्हा फंस गया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म हमारे देश की रीति रिवाज और प्रथाओं पर आधारित है, जिसमें एक प्रथा यह थी कि शादी के बाद दुल्हन की विदाई एक लंबे अरसे बाद होती थी। 21वीं सदी में आज भी कहीं कहीं इन प्रथाओं का पालन किया जाता है, जिसकी कहानी इस फिल्म में देखने को मिलेगी। फिल्म श्बैंड बज गया दूल्हा फँस गयाश निर्माता राकेश कुमार सिंह, सह निर्माता डॉक्टर राजेन्द्र सिंह व सुदामा देवी और निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डरी हैं। फिल्म में आकांक्षा दूबे अथर्व नाहर के अपोजिट मेन लीड में हैं। राकी फिल्म्स एलएलपी बैनर के तले निर्मित भोजपुरी फिल्म बैंड बज गया दूल्हा फंस गया का ट्रेलर यूट्यूब पर मौजूद है जिसकी समय अवधि 3:39 मिनट है।

## नहीं रहे साउथ के मशहूर एक्टर–कॉमेडियन मल्लमपल्ली चंद्र मोहन



साउथ के मशहूर एक्टर और कॉमेडियन मल्लमपल्ली चंद्र मोहन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। दिवाली के मौके पर एंटरटेनमेंट जगत से ये दुखद खबर सामने आई है। एक्टर का 82 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से दिल से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। इस चलते ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। मल्लमपल्ली चंद्र मोहन का 11 दिसंबर 2023 की सुबह देहांत हो गया। एक्टर ने सुबह 9.45 बजे दम तोड़ दिया। उनका हैदराबाद के जुबली हिल्स के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। इस दौरान ही उन्होंने अंतिम सांसे ली। साउथ सिनेमा में मल्लमपल्ली चंद्र मोहन का बड़ा नाम था। उन्हें तमिलनाडु का सर्वोच्च सम्मान समेत कई बड़े पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। साल 1966 में 'रंगुला रत्नम' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले चंद्र मोहन ने लगभग 600 फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्मों में 'सुभोदयम', 'सिरिसिरी मुव्वा', 'संकराभरणम', 'सीतामलक्ष्मी', 'अल्लूरी सीताराम राजू', 'अखारी पोरतम' और 'नुव्वु नाकु नाचव' शामिल हैं। बताया जा रहा है कि एक्टर का अंतिम संस्कार 13 नवंबर को किया जाएगा। मल्लमपल्ली चंद्र मोहन अपने पीछे परिवार में वाइफ और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी का नाम जलंधर है। फिल्ममेकर विश्वनाथ, मल्लमपल्ली के कजिन हैं।

# सर्वाइकल कैंसर से जंग लड़ रही हैं टीवी एक्ट्रेस डॉली सोही

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*टीवी इंडस्ट्री से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने फैंस को चौंका दिया, दुखी कर दिया और प्रेरित भी किया। हम बात कर रहे हैं टीवी की दुनिया की फेमस एक्ट्रेस डॉली सोही के बारे में, जिन्होंने खुलासा किया है कि वो सर्वाइकल कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे शुरू के 6–7 महीने तक उन्होंने कैंसर के लक्षणों को नजरअंदाज किया, लेकिन जब डॉक्टर के पास गईं और रिपोर्ट सामने आई तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। डॉली ने अपने फैंस को प्रेरणा भी दी है, जिस तरह से वो इस बीमारी से जंग लड़ रही हैं, वो देख सभी उनकी हिम्मत की दाद दे रहे हैं। डॉली सोही ने बताया कि अपनी 14 साल की बेटी अमेलिया के सामने अपनी बीमारी की बात करना कितना मुश्किल होता है।*

**दूसरी कीमोथेरेपी की तैयारी, मजबूत बनी हुई हैं डॉली**

डॉली ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो शेयर की, जिसमें वो बाल्ड लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने टेस्ट और ट्रीटमेंट की जर्नी भी शेयर की। शुरुआत में बहुत बुरा महसूस करने के बावजूद उन्होंने इसे सबके साथ शेयर करने का फैसला किया और फैंस का भरपूर समर्थन मिला। वो बताती हैं कि वह मजबूत बनी हुई हैं और दूसरे कीमोथेरेपी सेशन की तैयारी कर रही हैं।

**6–7 महीने तक लक्षणों को किया अनदेखा**

ंत्पदमममजपप एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें 6–7 महीने तक लक्षण दिखाई दे रहे थे, लेकिन इसके बारे में पता नहीं था, इसलिए





लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया। जब दर्द असहनीय हो गया, तब वो अपनी गायनोलॉजिस्ट के पास गईं और टेस्ट कराएं। पहले उन्हें बताया गया कि यूट्रेस निकलवाना होगा, लेकिन बाद में हुए टेस्ट से पता चला कि उन्हें सर्वाइकल कैंसर है।

**मजबूत रहने के अलावा दूसरी च्वॉइस नहीं**

डॉली का कहना है कि मजबूत रहने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है। अगर वो कमजोर महसूस करेंगी तो ट्रीटमेंट के दौरान और भी कमजोर हो जाएंगी। यही वजह है कि उन्होंने ये पोस्ट शेयर किया और फैंस को सबकुछ बताया। लेकिन वास्तव में वो शुरुआत में बहुत बुरी स्थिति में थीं। किसी से भी बात करने का मन नहीं कर रहा था। बाद में उन्होंने खुद को संभाला और इससे उबरीं। इसे सबके साथ शेयर करने का भी फैसला किया। अब वो और ज्यादा एनर्जेटिक और अच्छा महसूस कर रही हैं। फैंस ने उन्हें खूब सारा प्यार भेजा है।

**बेटी को समझाया, सबकुछ हो जाएगा ठीक**

एक्ट्रेस का कहना है कि अपनी 14 साल की बेटी के सामने इस बारे में बात करना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा, श्मैंने उसे हिंट देना शुरू किया। मैंने उसे समझाया कि इसका इलाज है और मैं जल्द ही ठीक हो जाएंगी।श डॉली ने बताया कि उनकी दूसरी कीमोथेरेपी होने वाली है और वो बहादुरी से इसका सामना करेंगी।

**इन सीरियल्स में नजर आईं डॉली**

डॉली सोही ने भाभी और कलश जैसे शोज में काम किया है। फिर उन्होंने मेरी आशिकी तुम से ही और खूब लड़ी मर्दानी... झांसी की रानी से कमबैक किया। इसके अलावा उन्हें कुसुम, हिटलर दीदी, देवों के देव.. महादेव और कुमकुम भाग्य जैसे सीरियल्स में भी देखा गया है। फिलहाल, उन्होंने झनक की शूटिंग कर ली है। पर्सनल लाइफ की बात करें तो डॉली ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर अवनीत धनोवा से शादी की थी।

# हाईकोर्ट ने माना एक्टर की हरकतों से परेशान थी तुनिषा शर्मा



*टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने 24 दिसंबर, 2022 को को आत्महत्या कर ली थी। उनके मौत के मामले में शीजान खान को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि जमानत पर वह दो–ढाई महीने जेल में रहने के बाद बाहर आ गए थे। लेकिन अब मुंबई हाई कोर्ट के इस फैसले से उनकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं।*

टीवी एक्टर शीजान खान की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। अली बाबारू दास्तान–ए–काबुल एक्टर के खिलाफ दिसंबर 2022 में तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसको कोर्ट ने रद्द करने से इनकार कर दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस मामले की जांच में एक्टर के शामिल होने का पता चलता है। न्यायाधीश अजय गडकरी और न्यायाधीश शर्मिला देशमुख की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि शीजान खान के खिलाफ लगे आरोपों की शुरुआती जांच से पता चलता है कि तुनिषा शर्मा के साथ रिश्ता खत्म करने, किसी दूसरी लड़की के साथ अफेयर करने और लगातार झगड़ों ने एक्ट्रेस को काफी प्रभावित किया था। बता दें कि तुनिषा शर्मा (21) और शीजान खान 24 दिसंबर, 2022 को मुंबई के बाहरी इलाके वसई के पास एक स्टूडियो में एक टेलीविजन शो की शूटिंग कर रहे थे।

**तुनीषा शर्मा ने की थी आत्महत्या**

तुनिषा शर्मा और शीजान खान के बीच दो महीने तक अफेयर चला था, लेकिन किसी कारण उनके बीच यह रिश्ता टूट गया था। 24 दिसंबर की दोपहर 3 बजे के करीब, तुनिषा शर्मा और शीजान खान के बीच कथित तौर पर उनके श्मेकअप रूमश में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद तुनिषा ने फांसी लगा ली थी।

**कोर्ट ने शीजान को ठहराया जिम्मेदार**

उच्च न्यायालय ने कहा, 'शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि शीजान खान की ओर से किए गए अपमान से पीड़िता तुनिषा शर्मा के आत्मसम्मान को चोट पहुंची थी।श पीठ ने शीजान खान की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि एक लव रिलेशन में रहना और ब्रेकअप करना आज के दौर का एक सामान्य पहलू है। अदालत ने कहा, श्शीजान ने जानबूझकर पीड़िता को मानसिक रूप से परेशान किया और उसके साथ अक्सर झगड़ा करके उसे अपमानित किया।

# क्या यूरिक एसिड से कुप्पा जैसा सूज गया पैर का अंगूठा?

*यूरिक एसिड बढ़ना एक दर्दनाक और गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। यूरिक एसिड बढ़ने से गाउट नामक रोग हो सकता है, जो गठिया की तरह और जिसमें जोड़ों में जकड़न और गंभीर दर्द होता है। यूरिक एसिड बढ़ने पर आपको खाने–पीने का खास ध्यान रखना पड़ता है। इस स्थिति में कुछ प्रकार की दालों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। ऐसी चीजों का सेवन कम करके आप गाउट अटैक से बच सकते हैं।*



**इन दाल में कम होता है प्यूरीन**

मूंग दाल– यूरिक एसिड कंट्रोल रखने के लिए मूंग दाल एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इसमें प्यूरीन की मात्रा कम होती है।
अरहर दाल (तूर दाल): तूर दाल एक अन्य फली है जिसमें प्यूरीन अपेक्षाकृत कम होता है। काला चना–काले चने में प्यूरीन लेवल कम होता है।

न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा आपको कुछ ऐसी दालों के बारे में बता रही हैं जिनमें प्यूरीन की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक है और इन्हें कम मात्रा में सेवन करना या इससे परहेज करना सबसे अच्छा हो सकता है।

**मसूर दाल:** जबकि मसूर दाल प्रोटीन और फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, विशेष रूप से लाल मसूर की दाल, कुछ अन्य किस्मों की तुलना में प्यूरीन में अधिक होती है। इनका सेवन सीमित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है।

**चना दाल:** चने की दाल में प्यूरीन की बहुत ज्यादा मात्रा तो नहीं होती लेकिन इतना होता है कि अगर आप पहले से गाउट से पीड़ित हैं, तो आपकी स्थिति ज्यादा खराब हो सकती है। यही वजह है कि आपको इसका कम सेवन करना चाहिए।

**काली उड़द दाल:** काली उड़द दाल में प्यूरीन की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक होती है। अगर आप हाई यूरिक एसिड या गाउट के रोगी है, तो आपको इस दाल का कम से कम सेवन करना चाहिए।

**राजमा:** कुछ अन्य फलियों की तुलना में राजमा में प्यूरीन की मात्रा अधिक मानी जाती है। यदि आपके पास यूरिक एसिड का स्तर उच्च है, तो राजमा का सेवन सीमित करने की सलाह दी जाती है।

**सेम फली:** विभिन्न जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर सेम की फली में प्यूरीन की अधिक मात्रा होती है। अगर आप स्थिति को ज्यादा बिगड़ने से बचाना चाहते हैं, तो आपको इसका कम से कम सेवन करना चाहिए।



## रोजाना सूखे मेवे खाने से शरीर में होता है ये बदलाव, पछताना ना पड़े

ड्राई फ्रूट्स किसे पसंद नहीं होते। स्वस्थ रहने के लिए हमेशा ही ड्राई फ्रूट खाने की सलाह दी जाती है। बोर होने पर या भूख लगने पर लोग इनका सेवन कर लेते हैं। कुछ लोगों के लिए यह रोज सुबह का नाश्ता है। ड्राई फ्रूट्स बहुत हेल्दी होते हैं और कई बीमारियों से आपका बचाव भी कर सकते हैं। इन्हें धूप में सुखाकर या फिर डिहाइड्रेटर का उपयोग करके तैयार किया जाता है। यह प्रक्रिया फलों से नमी को हटा देती हैं, जिसके बाद हमें पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ मिलता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें बनाने की प्रक्रिया में पोषक तत्व बरकरार रहते हैं, यही वजह है कि रोजमर्रा के भोजन को पौष्टिक बनाने के लिए इनका उपयोग किया जाता है। लेकिन क्या रोजाना इनका सेवन करना सही है। अगर कोई इसे डेली डाइट का हिस्सा बना ले, तो उसके शरीर में किस तरह के बदलाव होते हैं। तल–तिनपजेसूखे मेवे समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक स्वादिष्ट तरीका है। ये विटामिन, मिनरल और फाइबर से भरपूर हैं। जिसके सेवन से आपको दिनभर काम करने की ऊर्जा मिलती है और पाचन भी ठीक रहता है। ऑनलाइन वेबसाइट में दिए गए इंटरव्यू में न्यूट्रिशन एक्सपर्ट सुषमा पीएस ने बताया कि – आहार में सूखे मेवे को शामिल करना शरीर को स्वस्थ्य रखने का सबसे आसान तरीका है।

## ठंड से पहले आग बबूला हुआ कोरोना, 2 नए वेरिएन्ट्स ने फिर मचाया आतंक

एरिस और पिरोला के बाद, कोविड–19 के दो नए स्ट्रेन तेजी से बढ़ रहे हैं। पहला एक ओमिक्रॉन स्पिन–ऑफ, जिसे HV.1 के नाम से जाना जाता है। यह वेरिएंट ग्ठठ फैमिली के मेंबर म्ळ.5 से विकसित हुआ है। यह अमेरिका में प्रमुख स्ट्रेन बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, HV.1 अधिक संक्रामक हो सकता है। हालांकि एक्सपर्ट्स मान रहे हैं कि चिंता का कोई बात नहीं है क्योंकि वेरिएंट में वैक्सीन सुरक्षा से बचने या अधिक गंभीर बीमारी पैदा करने की क्षमता नहीं है। दूसरा नया वेरिएंट जेएन.1, पिरोला का वंशज है। यह हाल ही में यूके, यूएस, आइसलैंड, पुर्तगाल और स्पेन सहित 12 देशों में पाया गया है। एक्सप्रेस यूके की रिपोर्ट के अनुसार, जेएन1 वेरिएंट को उसके पेरेंट्स की तुलना में बहुत अधिक प्रतिरक्षा प्रतिरोधी बताया गया है। जबकि विशेषज्ञ अभी भी जेएन.1 के बारे में सीख रहे हैं, ऐसा लगता है कि इसमें ऐसे म्यूटेशन हैं, जो इम्यून सिस्टम द्वारा पता लगाने से बचने में मदद कर सकते हैं।

# लिपोसक्शन के बाद मॉडल को 4 बार पड़ा दिल का दौरा


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*सुंदर कौन नहीं दिखना चाहता। अगर करियर फैशन या फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हो तो खूबसूरती के मायने और भी अलग हो जाते हैं। फैशन इंडस्ट्री में फिगर का खास ख्याल रखना पड़ता है। मॉडलिंग के लिए परफेक्ट फिगर की चाह में सर्जरी करवाना आम बात है, लेकिन कई बार सर्जरी सेहत पर भारी पड़ जाता है। 29 साल की ब्राजीलियाई मॉडल लुआना एंड्रेड के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। पतले दिखने की चाह में उन्होंने लिपोसक्शन सर्जरी करवाने का फैसला किया, लेकिन ये फैसला उनकी जिंदगी पर भारी पड़ गया। सर्जरी के दौरान 4 बार दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।*



**पतला दिखने के चक्कर में चली गई जान**

लुआना एंड्रेड साओ पाउलो में रहती थी। फैट कम करने के लिए लुआना एंड्रेड की सैन लुइस अस्पताल में लिपोसक्शन सर्जरी करवाने का फैसला किया। परफेक्ट फिगर के लिए कॉस्मेटिक सर्जरी के दौरान अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और फिर चार बार दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। उनकी सर्जरी करने वाले सर्जन डिओवेन रुआरो के मुताबिक ऑपरेशन से पहले वो पूरी तरह से ठीक थी। चेकअप के दौरान लुआना एंड्रेड की हेल्थ बिल्कुल ठीक थी, लेकिन सर्जरी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक इस तरह के सर्जरी के दौरान कई बार इस तरह की घटना हो जाती है ।



**लिपोसक्शन सर्जरी के साइड इफेक्ट**

लिपोसक्शन एक तरह के कॉस्मेटिक सर्जरी होती है, जिसमें शरीर से चर्बी कम किया जाता है। यह सर्जरी कम समय में मोटापा कम करने की तकनीक है। इसमें शरीर के अलग–अलग हिस्से से जैसे की जांघों, कूल्हों, पेट, गर्दन, ठोड़ी, कंधों, छाती और कमर पर से फैट को हटाकर पतला किया जाता है। इस सर्जरी के बाद शरीर में कई साइड इफेक्ट देखने को मिलते हैं। जैसे स्किन पर सूजन और चोट के निशान, किडनी और हार्ट रिलेटेड प्रॉब्लम, लंग्स में फैट इकठ्ठा होना, स्किन इंफेक्शन का खतरा, शरीर का सुन्न हो जाना और खून का जमना जैसी दिक्कतें हो जाती हैं।

**किन लोगों को नहीं करानी चाहिए लिपोसक्शन सर्जरी**

जो लोग धूम्रपान करते हैं, जिन्हें लिवर प्रॉब्लम हैं या जिन लोगों को थोड़े से कट में भी तेज ब्लीडिंग होती है, उन्हें इस सर्जरी से दूरी बनानी चाहिए। शुगर पेशेंट, हार्ट और किडनी मरीजों को इस तरह की सर्जरी नहीं करवानी चाहिए। जिन्हें किसी तरह की एलर्जी की समस्या है, या उम्र ज्यादा है उन्हें इस तरह की सर्जरी से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

**लिपोसक्शन कब हो जाता है जानलेवा**

लिपोसक्शन सर्जरी में कुछ कॉम्प्लिकेशन होते हैं, जो जान के लिए खतरनाक हो जाता है। जैसे डीप वेन थ्रोम्बोसिस। ये एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर के किसी भी एक हिस्से में नस के भीतर रक्त का थक्का बन जाता है। इसी तरह से पल्मोनरी थ्रोम्बो एम्बोलिज्म जानलेवा साबित हो जाता है।

## 100 साल तक जीना है तो आंख बंद करके घर ले आएं ये चीजें




लंबा जीवन जीने के उपाय, 100 साल तक कैसे जिया जाए या 100 साल जीने के लिए क्या खाना चाहिए? यह ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब इस दुनिया का हर इंसान जानना चाहता है। एक बात साफ है कि दुनिया में ऐसी कोई भी चीज नहीं है, जो किसी उम्र को बढ़ा सके लेकिन कुछ चीजें हैं, जो शरीर को मजबूत बनाकर जीवन को लंबा करने में मदद कर सकती हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबा जीवन जीने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल, हेल्दी डाइट, रेगुलर एक्सरसाइज आदि जरूरी हैं। जब बात हेल्दी डाइट की करते हैं, तो उसमें उन सभी चीजों का सेवन शामिल हैं, जिनमें शरीर के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व जैसे विटामिन, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम आदि पाए जाते हैं। फिश ऑयल सप्लीमेंट में ओमेगा–3 फैटी एसिड शरीर के स्वस्थ और बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह दिल को स्वस्थ रखने में सहायक है, साथ दिमाग को स्वस्थ रखता है। विटामिन के2 हड्डी और हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह शरीर में कैल्शियम को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसी तरह मैग्नीशियम मांसपेशियों के कामकाज में सुधार करता है और उन्हें मजबूत बनाता है। करक्यूमिन हल्दी में पाया जाने वाला एक यौगिक है, जो अपने एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। इसे संभावितलंबी आयु सहित विभिन्न स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा गया है।



**एडुल्जी पहली भारतीय महिला क्रिकेटर**

डायना एडुल्जी ने 17 वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व किया और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने भारत के लिए 20 टेस्ट और 34 वनडे खेले हैं और क्रमशः 63 और 46 विकेट हासिल किए हैं। 1993 विश्व कप के बाद जब उन्होंने संन्यास लिया तो केवल लिन फुलस्टन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के में अधिक विकेट लिए थे।

## वीरेंद्र सहवाग को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग, भारत की ही महिला क्रिकेटर डायना एडुल्जी और श्रीलंका के अरविंदा डी सिल्वा को प्छ के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इस तिकड़ी को सम्मानित किया जाएगा। महान भारतीय सलामी बल्लेबाज सहवाग ने दो विश्व कप जीत– 2007 टी20 और 2011 वनडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वीरेंद्र सहवाग को टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी को बदलने का श्रेय दिया जाता है। जहां पहले बल्लेबाज टेस्ट में गेंदकर छोड़कर पुराने करते थे तो सहवाग का फॉर्मूला उसे मारकर पुराना करने का था। उन्होंने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20 मैच खेले और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 से अधिक रन बनाए हैं। वह टेस्ट में दो तीसरा शतक लगाने वाले चार बल्लेबाजों में शामिल हैं। उनके नाम वनडे में भी दोहरा शतक है। उन्होंने 2013 में भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। अरविंदा डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 93 टेस्ट और 308 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने 2003 वनडे विश्व कप के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। उन्होंने 15,645 अंतर्राष्ट्रीय रन और 135 विकेट लिए।

# सेमीफाइनल वाले भूत से टीम इंडिया है परेशान?

**क्रिकेट**

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मुंबई में है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत बुधवार को मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ बहुप्रतीक्षित विश्व कप सेमीफाइनल की तैयारी कर रहा है। पिछली बार टीम इंडिया को सेमीफाइनल में हार मिली थी, लेकिन इस बार क्रिकेट फैंस इतिहास बदलते देखना चाहेंगे। दूसरी ओर, बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की मुश्किल पिच की ओर इशारा किया है। कुलदीप ने इस हाई टेंपर मुकाबले को लेकर कहा कि अगर भारत को फाइनल में पहुंचना है तो शुरुआत में ही विकेट लेकर दबाव बनाना होगा, लेकिन यह आसान नहीं होगा।

नीदरलैंड पर भारत की 160 रन की शानदार जीत के बाद कुलदीप ने वानखेड़े में होने वाले सेमीफाइनल



पर बात की। उन्होंने कहा– यह गेंदबाजों के लिए मुश्किल मैदान है। यहां उछाल वाली पिच है और बल्लेबाज अक्सर हावी रहते हैं। टी20 के विपरीत वनडे में गेंदबाजों के पास खेल में वापस आने के लिए काफी समय होता है, लेकिन हां, आपको कुछ शुरुआती विकेट की जरूरत होगी, जो विरोधियों पर हावी होने के लिए मदद करेगा।

न्यूजीलैंड ने 2019 में विश्व कप के सेमीफाइनल में मैनचेस्टर में भारत के खिलाफ 18 रनों से जीत दर्ज की थी। कुलदीप ने हालांकि पिछले रिकॉर्ड के महत्व को कम आंकते हुए कहा– 2019 सेमीफाइनल (न्यूजीलैंड के खिलाफ) 4 साल पहले हुआ था। हमने उनके बाद कई द्विपक्षीय सीरीज खेली हैं, इसलिए हम परिस्थितियों (भारत में) को जानते हैं। हमारी तैयारी अच्छी रही है और हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छी क्रिकेट खेलने में सक्षम रहे हैं। इसलिए हम अगले मैच में भी इसी तरह जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

कुलदीप भारत के स्पिन विभाग में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 9 मैचों में 4.15 की प्रभावशाली इकोनॉमी रेट के साथ 14 विकेट लिए हैं। नॉकआउट मैच से जुड़े दबाव के बावजूद उन्होंने विकेट लेने के साथ–साथ अपने अन्य पक्षों पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने कहा– मैं सिर्फ अपनी लय और ताकत पर काम करता हूं और इस बात पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि बल्लेबाज मुझे कैसे खेलने की कोशिश कर रहे हैं।

# न्यूजीलैंड से 2019 का हिसाब चुकता करने उतरेगी रोहित की पलटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लगातार 9 मैच जीतकर टीम इंडिया वर्ल्ड कप 2023 के खिताब को अपने नाम करने से अब महज दो कदम दूर खड़ी है। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में 15 नवंबर को रोहित की पलटन को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। कीवी टीम आईसीसी टूर्नामेंट्स के नॉकआउट मैचों में हर बार भारतीय टीम पर भारी पड़ी है। हालांकि, इस बार टीम इंडिया अपने घर में खेल रही है और रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम 2019 के सेमीफाइनल में मिली हार का हिसाब चुकता करने को भी बेकरार है।

भारतीय टीम के बल्लेबाज वर्ल्ड कप 2023 में शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। रोहित शर्मा शुभमन गिल के साथ मिलकर

**9 मैच जीतकर सेमीफाइनल खेलने पहुंची है भारतीय टीम**

टीम को तूफानी शुरुआत देने में सफल रहे हैं, तो नंबर तीन पर आकर विराट कोहली ने दमदार आगाज को अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है।

श्रेयस अय्यर भी अपनी हॉट फॉर्म में लौट चुके हैं। केएल राहुल के बल्ले से लगातार निकलते रहे भारतीय टीम के लिए सोने पर सुहागा है। हालांकि, आखिरी के ओवरों में सूर्यकुमार का धूम–धड़ाका अभी तक कम ही देखने को मिला है। बल्लेबाजों की बेहतरीन फॉर्म को देखते हुए सेमीफाइनल में कप्तान रोहित बैटिंग ऑर्डर से कोई छेड़छाड़ करने के बारे में सोचेंगे भी नहीं। बल्लेबाजी में अगर रोहित और कोहली अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं, तो गेंद से यह काम जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी ने करके दिखाया है। बुमराह और सिराज मिलकर टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रहे हैं, तो विपक्षी टीम के मिडिल ऑर्डर को तहस–नहस करने का काम शमी की आग उगलती गेंदों ने किया है।

स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। कुलदीप बीच के ओवर्स में टीम को विकेट दिलाने में सफल रहे हैं, तो जडू ने भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। कुलदीप 9 मैचों में 14 तो जडेजा 16 विकेट निकाल चुके हैं।

संभावित प्लेइंग 11: रोहित, शुभमन, विराट, श्रेयस, केएल, सूर्यकुमार, जडेजा, शमी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव।

## गांगुली से आगे निकले रोहित, राहुल का बड़ा कारनामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारत ने वर्ल्ड कप 2023 के अंतिम लीग मैच में नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 410 रन की विशाल पारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ दिये। कप्तान रोहित शर्मा (61 रन) ने जहां फिर से कई रिकॉर्ड बनाये तो वहीं श्रेयस अय्यर (नाबाद 128 रन) और केएल राहुल (102 रन) ने भी इसमें कुछ योगदान दिया। जवाब में नीदरलैंड की टीम सिर्फ 250 रनों पर आउट हो गई। भारत ने मैच को 160 रनों के बड़े अंदर से अपने नाम किया। रोहित ने एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाए जिससे 2023 में इनकी संख्या 60 हो गई है। इससे उन्होंने 2015 में बनाये गये एबी डिविलियर्स के 58 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रोहित इसके साथ ही विश्व कप के एक चरण में सबसे ज्यादा छक्के (24) लगाने वाले कप्तान भी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के इयोन मोर्गन (22) को पीछे छोड़ दिया। रोहित और शुभमन गिल इस साल वनडे में सबसे ज्यादा 100 से अधिक रन की साझेदारी बनाने में सफल रहे, उन्होंने पांच दफा ऐसा किया।

## न्यूज डायरी



### विश्व कप 2023 में क्या टूटेगा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। विराट कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान आईसीसी वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली अपनी 51 रन की पारी के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे और टूर्नामेंट के लीग चरण को 594 रन के साथ समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि कॉक ने लीग चरण में 591 रन बनाए हैं। विराट कोहली दुर्भाग्य से अपना 50वां वनडे शतक नहीं बना सके और 29वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर रुलोफ वान डेर मेरवे का शिकार बने। हालांकि, वह एक विश्व कप में सबसे अधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज बनने के करीब हैं। यह रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन ने 2003 में 11 मैच खेलते हुए 673 रन ठोके थे। कोहली अगर शतक लगाते हैं तो सेमीफाइनल में ही अपने हीरो को पीछे छोड़ देंगे। इससे पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रनों की तूफानी पारी खेली और सौरव गांगुली का दो दशक पुराना विश्व कप रिकॉर्ड तोड़ दिया। कप्तान के तौर पर गांगुली ने 2003 विश्व कप में 11 पारियों में तीन शतक (111 का उच्चतम स्कोर) के साथ 465 रन बनाए थे। इसके विपरीत, रोहित ने अब विश्व कप 2023 के दौरान केवल नौ पारियों में प्रभावशाली 503 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक (131 रन) और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### एस जयशंकर ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को गिफ्ट किया खास बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली गिनती दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स स्टार में होती है। विराट क्रिकेट का चेहरा बन चुके हैं। रोनाल्डो और मेसी के बाद कोहली इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले एथलीट हैं। वर्ल्ड कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट भारत की पहचान भी बन चुके हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक की मुलाकात हुई तो विराट वहां भी चर्चा में आ गए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति से मुलाकात की। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिवाली की शुभकामनाएं दीं। एस जयशंकर ने अपनी पत्नी क्योको जयशंकर के साथ यूके के पीएम से मुलाकात की और उन्हें भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की। इसके साथ ही जयशंकर ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के ऑटोग्राफ वाला बल्ला भी यूके के पीएम को गिफ्ट किया। यह पहला मौका नहीं है जब एस जयशंकर ने किसी विदेशी नेता को विराट कोहली के ऑटोग्राफ वाला बल्ला भेंट किया है। पहले साल जब वह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थे तो वहां के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स को भी विराट का बल्ला गिफ्ट किया था।

### दिवाली पर रहमानुल्लाह गुरबाज के बेघर गरीबों की मदद पर शशि थरूर लट्टू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जब पूरा भारत सो रहा था और सुबह दिवाली के धूम–धड़ाके में व्यस्त होने वाला था तो दूसरी ओर एक विदेशी क्रिकेटर सड़कों पर सो रहे बेघर गरीबों की मदद करते दिखा। दिवाली से पहले वाली सुबह तड़के अफगान क्रिकेटर रहमानुल्लाह गुरबाज ने अहमदाबाद की सड़के के फुटपाथ पर सो रहे लोगों की मदद की। इस पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने क्रिकेटर की सराहना करते हुए इसे उनके द्वारा बनाए गए किसी भी शतक से कहीं अधिक महान बताया है। थरूर ने एक्स पर लिखा– अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज द्वारा अपने आखिरी मैच के बाद अहमदाबाद में फुटपाथ पर रहने वालों के लिए अद्भुत कार्य। वह किसी भी शतक से कहीं अधिक शतक बना सकते हैं और वह कई शतक बना सकते हैं। उनका करियर लंबे समय तक चलता रहे...। अहमदाबाद के लव शाह ने इस वीडियो को शेयर किया था, जो अब वायरल हो रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर), जिस आईपीएल टीम के लिए गुरबाज खेलते हैं, ने भी वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्हें फुटपाथ पर सो रहे लोगों को पैसे देते देखा जा सकता है। बता दें कि अफगानिस्तान ने इस विश्व कप में तीन विश्व कप विजेता पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका को हराते हुए पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था।

पेज थ्री देहरादून

जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर से भेंट करते हुए सीएम धामी।

देहरादून, मंगलवार, 14 नवंबर 2023 पेज 8

हमारा दून




## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पंचदश नाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्र आनन्द गिरी ने शिष्टाचार भेंट कर मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### जल्द गन्ना मूल्य घोषित करे सरकार

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला चीनी मिल में गन्ने का नया पेराई सत्र जल्द ही शुरू होने वाला है। लेकिन अब तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने पर किसानों ने नाराजगी जताई है। डोईवाला के किसानों ने गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर मूल्य घोषित करने की गुहार लगाई। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा उत्तराखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की। किसानों ने कहा कि गन्ने का आगामी पेराई सत्र शुरू होने जा रहा है। बावजूद राज्य सरकार की ओर से अभी तक गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है। किसान किस रेट पर मिल को गन्ना देंगे यह स्पष्ट होना चाहिए। गन्ने का रेट स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दिए जाने की मांग की।

### मातम बदली दो परिवारों की खुशियां

**संवाददाता** ऋषिकेश। शहर में दीपावली की खुशियां दो परिवारों के लिए मातम में बदल गई। कोयलघाटी पर स्कूटरों के आपस में टकराने से एक युवक और युवती की मौत हो गई। जबकि, सवार चार लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्स में भर्ती कराया। शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार–ऋषिकेश नेशनल हाईवे स्थित कोयलघाटी तिराहे के पास यह हादसा हुआ। दुर्घटना में ऋतिक (18) पुत्र मुकेश निवासी कालेकीढाल, ऋषिकेश और आरती (20) पुत्री प्रकाश चंद निवासी आमपड़ाव, इंदिरानगर, कोटद्वार की दर्दनाक मौत हो गई।

### आउटसोर्स भर्तियों में आरक्षण लागू किए जाने की कवायद शुरू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में सरकारी और अर्ध सरकारी विभागों की आउटसोर्स भर्तियों में आरक्षण लागू किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। विभाग इन भर्तियों में आरक्षण निर्धारित करने के बाद ही भर्ती एजेंसियों से योग्य कार्मिकों की मांग करेंगे। इस विवाद को समाप्त करने के लिए सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने बीते दिनों सभी सचिव और विभागाध्यक्षों को पत्र भेज कर आउटसोर्स भर्तियों में तय आरक्षण का पालन करने के निर्देश दिए। अब भर्ती एजेंसियों ने इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है।

# सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकालना पहली प्राथमिकता

**जायजा**

■ मुख्यमंत्री ने टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना

■ सिलक्यारा में हुए भू धसाव की घटना का स्थलीय निरीक्षण पहुंचे मुख्यमंत्री

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सोमवार को उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास सुरंग में हुए भू धसाव की घटना का स्थलीय निरीक्षण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों और विभिन्न एजेंसियों को परस्पर बेहतर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य उच्च दक्षता और पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के लिए बाहर से जिस तरह के संसाधनों व तकनीकी सहायता की आवश्यकता होगी उसे सरकार यथाशीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा किसी भी स्तर पर कोई भी आवश्यकता होने पर शीघ्र शासन को सूचित किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी संभव विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के लिए बड़े व्यास के ह्यूम पाइप हरिद्वार और देहरादून से भेजे जाने की व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया की ईश्वर की कृपा और बचाव अभियान में जुटे लोगों के अथक प्रयासों के चलते सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा।

जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, एनएचआईडीसीएल तथा अन्य एजेंसी के अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए मलवा हटाने का कार्य निरंतर जारी है, मलवा हटाने के लिए हैवी एक्सकैवेटर मशीनों को जुटाया गया है। दरकते मलबे को थाने के लिए मशीनों से शार्टक्रीटिंग की जा रही है। टनल में फंसे मजदूरों से पाइप के जरिये संदेशों का आदान प्रदान किया गया है। पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए रात में चने के पैकेट कंप्रेसर के जरिए दबाव बनाकर टनल में फंसे श्रमिकों तक भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री के साथ घटना स्थल पर पहुंचे गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने भी राहत और बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ एवं रेस्क्यू अभियान में जुटे दस्तों के प्रमुख मौजूद रहे।

यमुनोत्री क्षेत्र के विधायक संजय डोभाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा शैलेन्द्र कोहली, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र राणा और राष्ट्रीय मंत्री स्वराज विद्वान भी इस दौरान साथ रहे।

### पीएम ने राहत एवं बचाव कार्यो के संबंध में ली जानकारी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन के माध्यम से टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री जी ने इस दुर्घटना से निपटने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। साथ ही हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा केंद्रीय एजेंसियों को भी राहत और बचाव कार्यों में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# तीस दिन के बजाए 17 दिन के थमाए जा रहें बजली के बिल

**धोखा**

■ बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को लगाया जा रहा चूना

**संवाददाता**

देहरादून। यूपीसीएल–ऊर्जा निगम के बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को चूना लगाया जा रहा है। यूपीसीएल अनुबंधित टीडीएस कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को तीस दिन के बजाए 17 दिन के बिजली के बिल थमाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से फिक्स चार्ज भी अधिक वसूला गया है। मोहनपुर सब डिवीजन के प्रेमनगर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को ऐसे ही बिल जारी किए गए।

#### दंड लगाने की भी मांग

संबंधित कंपनी पर गलत व मनमानी बिलिंग के खिलाफ अर्थ दंड लगाने की भी मांग की है। मोहनपुर डिवीजन के ईई मोहन मित्तल के अनुसार कुछ उपभोक्ताओं के कम दिनों के बिल बनने की शिकायत मिलने के बाद संबंधित कंपनी को सख्ती से निर्देश दिए गए हैं। अगली बिलिंग में सब एडजस्ट हो जाएगा। कर्मचारियों की कमी के चलते ये गड़बड़ी हुई।

पहले तो उपभोक्ताओं को लगा कि इस बार बिल कुछ कम आया है। बाद में ध्यान से देखा तो यह सिर्फ 17 दिन का ही बिल था।

जबकि पहले वह दो माह का बिल देते थे। विद्युत नियामक आयोग के बाद यूपीसीएल को उपभोक्ताओं को 25 से 35 दिन के बिल बनाने के निर्देश देने के बाद से अब कंपनियां मनमाने तरीके से बिल बनाने लगी हैं। मोहनपुर डिवीजन में उपभोक्ता रामेश्वरी देवी के दो किलोवाट के कनेक्शन का बिल 17 दिन का बनाया गया है। इसी तरह स्मिथनगर के एक अन्य उपभोक्ता महेश चंद्र आर्य का बिल भी सिर्फ 17 दिन में बना दिया गया। बिलिंग की इस अनियमितता के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता गीता बिष्ट ने नियामक आयोग अध्यक्ष को यूपीसीएल की संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



उनके अनुसार उक्त कंपनी नियामक आयोग के आदेश की न सिर्फ अवहेलना कर रही है, बल्कि इससे उपभोक्ताओं को प्रत्येक बिल में चालीस से अस्सी रुपये तक अधिक फिक्स चार्ज देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त कंपनी द्वारा बिलों की सुनवाई के लिए न तो कोई काउंटर बनाया गया न ही किसी को तैनात किया है, इसलिए उपभोक्ता बिजली दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं।

### तटीय इलाकों में जलस्तर बढ़ते ही बजने लगेगा हूटर

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी के तटीय इलाकों में जलस्तर बढ़ने पर चेतावनी हूटर बजने लगेगा। खतरे से पहले लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंच पाएंगे। बैराज मार्ग के तटीय इलाकों में बैराज प्रशासन की ओर से सौर ऊर्जा ध्वनि विस्तारक यंत्र लगा दिए गए हैं। बरसात के समय ऋषिकेश के गंगा तटीय क्षेत्र में बाढ़ का खतरा लगातार बना रहता है। जिसको लेकर क्षेत्रीय निवासी और जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य विनोद जुगलान की ओर से कई बार शासन–प्रशासन को इस बारे में बताया गया। जल विद्युत विभाग ऋषिकेश बैराज की ओर से ग्राम सभा खदरी में गंगा तट के समीप ग्रामीणों को सचेत करने के लिए सौर ऊर्जा चालित चेतावनी स्तम्भ लगाया गया। यह उच्च तकनीकी क्षमता का ध्वनि विस्तारक यन्त्र है। जो रात के समय प्रकाश स्तम्भ के रूप में कार्य करेगा। साथ ही आकस्मिक रूप से अतिरिक्त जल छोड़ने पर हूटर बज उठेगा। इसकी आवाज को पांच किमी दूरी तक सुना जा सकता है।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।